# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2019
## संगीत (वादन)
## केवल प्रश्न–पत्र
## कक्षा–12

**समय : तीन घण्टे 15 मिनट** **पूर्णांक : 50**

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है। यह प्रश्न पत्र दो खण्ड "क" एवं "ख" में विभाजित हैं। प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने अंकित है। प्रश्न पत्र में चार प्रकार के प्रश्न है– बहुविकल्पीय, निश्चित उत्तरीय, रिक्त स्थानों की पूर्ति एवं दीर्घउत्तरीय, जिनके सम्बन्ध में निर्देश उनके आरम्भ में दिये गये हैं।

## "खण्ड–क" (संगीत विज्ञान)

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के चार विकल्प दिये गए हैं– जिनमें सही उत्तर छांटकर उसे उत्तर पुस्का में लिखिए। 1+1+1+1+1 = 5

1– पेशकारा शब्द की उत्पत्ति किस भाषा में हुई है –

(क) उर्दू (ख) अरबी

(ग) फारसी (घ) संस्कृत

2– लय कितने प्रकार की होती है –

(क) दो (ख) चार

(ग) तीन (घ) पाँच

3– किसी टुकड़े को खाली से सम तक या सम से खाली तक बजाने को क्या कहते हैं –

(क) मोहरा (ख) मुखड़ा

(ग) लग्गी (घ) परन

4— किसी बोल को भिन्न—भिन्न प्रकार से उलट—पुलट कर बजाने को क्या कहते हैं?

(क) कायदा (ख) तिहाई

(ग) पल्टा (घ) टुकड़ा

5— तबला अथवा पखावज पर खुले बोलों से बजने वाली रचना को क्या कहते हैं?

(क) लय (ख) कायदा

(ग) लयकारी (घ) परन

अथवा

1— सितार में दा अथवा रा बजाते हुए आगे के पर्दे पर मध्य अँगुली रखकर शीघ्रता से हटा लेने पर उत्पन्न ध्वनि को क्या कहते हैं।?

(क) घसीट (ख) गमक

(ग) जमजमा (घ) तोड़ा

2— जिस स्वर पर गायन या वादन समाप्त होता है, उसे क्या कहते हैं?

(क) तार (ख) न्यास

(ग) विन्यास (घ) वादी

3– जिस स्वर का प्रयोग राग में सबसे अधिक होता है उसे क्या कहते हैं?

(क) न्यास (ख) ग्रह

(ग) कण (घ) अंश

4– वाद्य में तार को रगड़ते हुए एक स्वर से दूसरे स्वर पर जाने को क्या कहते हैं?

(क) गत (ख) थाट

(ग) चिकारी (घ) घसीट

5– मींड के सूक्ष्म प्रकार को क्या कहते हैं?

(क) स्थाई (ख) सूत

(ग) सम (घ) श्रुति

**(निश्चित उत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर में से सत्य/असत्य को छाँटकर उसे उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1+1+1+1+1 =5

6. किसी भी रचना के प्रारम्भिक भाग को मुखड़ा कहते हैं। (सत्य/असत्य)

7. किसी भी बोल समूह को पूरा–पूरा तीनबार एक ही ढंग से बजाने के बाद सम पर या किसी निश्चित स्थान पर आने को तिहाई कहते हैं। (सत्य/असत्य)

8. टुकड़ा एक, दो या तीन आवर्तनों का होता है। (सत्य/असत्य)

9. एक मात्रा में डेढ़ मात्रा या दो मात्रा में तीन मात्रा को कुआड़ की लयकारी कहते हैं। (सत्य / असत्य)

10. कायदा की रचना करते समय ताल की ताली, खाली और विभाग को ध्यान में नहीं रखा जाता। (सत्य / असत्य)

अथवा

6. जिसमें एक–एक स्वर सिलसिलेवार बढ़ते जाये, उसे कूट कहते हैं। (सत्य / असत्य)

7. जिसके सभी स्वर बिना किसी फन्दे के सीधे क्रमानुसार तेजी से आते जाते हैं, उसे सपाट कहते हैं। (सत्य / असत्य)

8. वे राग जो रात्रि और दिन के मिलने वाले समय में बजाये जाते हैं, उसे सन्धि प्रकाश राग कहते हैं। (सत्य / असत्य)

9. तार वाले स्वर वाद्यों के आखिरी तार को चिकारी नहीं कहते। (सत्य / असत्य)

10. सितार में द्रुत गति से बजाये जाने वाले स्वर समूह को तोड़ा कहते हैं। (सत्य / असत्य)

**रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–**

**1+1+1+1+1 = 5**

11– परन का प्रयोग .......................... वाद्य पर किया जाता है।

12– एक मात्रा में तीन मात्रा लिखने या कहने को .............कहते हैं।

13– तिहाई ................... प्रकार की होती है।

14– कायदा .................. बराबर भागों में बँटा होता है।

15– पेशकारा ............. लय में बजाया जाता है।

अथवा

11– एक विशेष प्रकार के मधुर कम्पन को ....................कहते हैं।

12– जो राग एक थाट से दूसरे थाट में प्रवेश कराते हैं, उन्हें .............. राग कहते हैं।

13– जो राग 12 बजे दिन से 12 बजे रात्रि तक बजाये जाते हैं, उन्हें .............. राग कहते हैं।

14– राग को विस्तार देने वाला द्रुत स्वर समूह................... कहलाता है।

15– राग में विस्तार करते समय कुछ ऐसे स्वर होते हैं, जिनको बार–बार दर्शाया जाता है उन्हें ............... कहते हैं।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** (150 शब्दों में)

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5+5=10

16– कायदा शब्द से आप क्या कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

तान किसे कहते हैं? तान के प्रकारों पर प्रकाश डालिये।

17– निम्नलिखित को उदाहरण सहित परिभाषित कीजिए–

पेशकारा, टुकड़ा, मुखड़ा, परन, तिहाई

अथवा

अल्पत्व, उत्तर राग, चिकारी, खरज, श्रुति

18– लय किसे कहते हैं? लय तथा लयकारी में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

19— अपने वाद्य का चित्र बनाकर उसके अंगों का प्रदर्शन कीजिए तथा मिलाने की विधि लिखिए।

## खण्ड–ख (संगीत का इतिहास और शैलियों का अध्ययन)

### "बहु विकल्पीय"

निम्नलिखित प्रश्नों में चार विकल्प दिये गये हैं। जिनमें सही उत्तर छाँटकर उसे उत्तर पुस्तिका में लिखिए। 1+1+1+1+1 = 5

20— आड़ाचारताल में कुल कितने विभाग होते हैं।? (क)
चार (ख) पाँच
(ग) दो (घ) सात

21— तीनताल में कितनी मात्रा पर खाली होती है ?
(क) 8 (ख) 10
(ग) 5 (घ) 9

22— गजझम्पा ताल में कितनी मात्रा होती हैं।
(क) 10 (ख) 15
(ग) 12 (घ) 16

23— पंचम सवारी ताल में दूसरी ताली किस मात्रा पर होती है –
(क) 4 (ख) 6
(ग) 3 (घ) 7

24— धमार ताल का प्रयोग किस वाद्य पर किया जाता है ?
(क) तबला (ख) पखावज
(ग) ढोलक (घ) नाल

अथवा

20— राग केदार का जन्म किस थाट से हुआ है?

(क) बिलावल (ख) आसावरी

(ग) कल्याण (घ) खमाज

21— राग जौनपुरी का वादी स्वर क्या है?

(क) <u>ग</u> (ख) <u>ध</u>

(ग) <u>नि</u> (घ) प

22— राग हमीर किस जाति का राग है?

(क) षाडव–सम्पूर्ण (ख) सम्पूर्ण–षाडव

(ग) षाडव–षाडव (घ) सम्पूर्ण–सम्पूर्ण

23— राग बागेश्वरी, अड़ाना और मिया मल्हार के मिश्रण से किस राग का जन्म होता है?

(क) बहार (ख) केदार

(ग) जौनपुरी (घ) हमीर

24— एकताल में कितनी मात्राएँ होती हैं?

(क) 10 (ख) 16

(ग) 14 (घ) 12

**(निश्चित उत्तरीय प्रश्न)**

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर में से सत्य/असत्य को छांटकर उसे उत्तर–पुस्तिका में लिखिए। 1+1+1+1+1 = 5

25– ख्याल गायन के साथ संगत करने की मुख्य ताल दीपचन्दी है। (सत्य / असत्य)

26– गजझम्पा ताल में कायदे का प्रयोग किया जाता है। (सत्य / असत्य)

27– बनारस बाज में तबला एवं पखावज के बोलों का सुन्दर सम्मिश्रण होता है। (सत्य / असत्य)

28– पूरब बाज के प्रमुख घराने के रूप में फर्रूखाबाद शैली को जाना जाता है। (सत्य / असत्य)

29– परन प्रायः चार आवर्तनों का या इससे अधिक आवर्तनों का होता है। (सत्य / असत्य)

अथवा

25– राग बहार के बजाने का समय मध्य रात्रि है। (सत्य / असत्य)

26– राग केदार में दोनों मध्यम् का प्रयोग किया जाता है। (सत्य / असत्य)

27– तोड़ा विलम्बित लय में बजाया जाता है। (सत्य / असत्य)

28– राग वृन्दावनी सारंग की जाति ओडव–षाडव है। (सत्य / असत्य)

29– रजाखानी गत द्रुत लय में बजाया जाता है। (सत्य / असत्य)

**(रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए)**

1+1+1+1+1 = 5

30– मत्तताल में ............................ मात्रा होती हैं।

31– पंचमसवारी ताल में .................... विभाग होते हैं।

32– तबला और पखावज .......................वाद्य के अन्तर्गत आते हैं।

33–– धमार ताल का प्रयोग ............अंग की गायकी के साथ किया जाता है।

34– पं0 सामता प्रसाद (गुदई महराज) का जन्म ............... में हुआ था।

अथवा

30– भारतीय संगीत के इतिहास को ....................भागों में बाँटा गया है।

31– श्रुतियों की संख्या .................. होती है।

32– झपताल में ..........................मात्रा होती है।

33– वृन्दावनी सारंग राग की उत्पत्ति .................... थाट से होती है।

34– राग केदार के बजाने का समय ....................है।

**(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)** (150 शब्दों में)

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए। 5+5= 10

35– तीनताल में एक पेशकारा, दो पल्टा तिहाई सहित लिपिबद्ध कीजिए।

अथवा

राग वृन्दावनी सारंग का परिचय देते हुए रजाखानी गत एवं दो तानों को लिपिबद्ध कीजिए।

36– गजझम्पा ताल का पूर्ण परिचय देते हुए उसे चौगुन व आड़ की लयकारियों में लिखिए।

अथवा

राग हमीर एवं राग केदार में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

37– भारतीय संगीत के मध्यकाल का संक्षिप्त इतिहास लिखिए।

अथवा

निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अपने विचार स्पष्ट कीजिए।

(क) संगीत में लय का महत्व

(ख) ललित कलाओं में संगीत का महत्व

38– निम्नलिखित में से किन्हीं एक संगीतज्ञ का जीवन परिचय और संगीत में उनके योगदान के बारे में लिखिए।

(क) पं0 विष्णु दिगम्बर

(ख) पं0 सामता प्रसाद

(ग) पं0 रवि शंकर

(घ) पं0 पन्ना लाल घोष।

*****